आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–26 मार्च 2025 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- आपदा प्रबंधन संशोधन विधेयक दो हजार चौबीस संसद में पारित। राष्ट्रीय और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के काम–काज में आयेगी कुशलता।
- प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर से किया तीन दिवसीय विकास उत्सव का शुभारम्भ। कहा– प्रधानमंत्री के मंत्र से राज्य में दिख रहे उत्कर्ष के आठ वर्ष।
- प्रदेश के पन्द्रह और जिले कर्मचारी राज्य बीमा योजना में शामिल। केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने की घोषणा।
- दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के इलाहाबाद हाईकोर्ट में स्थानांतरण के विरोध में इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं ने शुरू किया अनिश्चितकालीन हड़ताल।

**********

संसद ने आपदा प्रबंधन संशोधन विधेयक दो हजार चौबीस पारित कर दिया है। राज्यसभा ने कल इस विधेयक को मंजूरी दे दी। लोकसभा में यह विधेयक पिछले साल दिसंबर में ही पारित हो चुका है। विधेयक का उद्देश्य आपदा प्रबंधन अधिनियम, दो हजार पांच में संशोधन और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण–एनडीएमए तथा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण–एसडीएमए के कामकाज को कुशल बनाना है। विधेयक में एनडीएमए और एसडीएमए को राष्ट्रीय कार्यकारी समिति और राज्य कार्यकारी समिति के बजाय राष्ट्रीय स्तर और राज्य स्तर पर आपदा योजना तैयार करने का अधिकार दिया गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आपदाओं के आकार और पैमाने में बदलाव हुआ है और प्रतिक्रियाओं को भी उसी अनुसार बदलना होगा। संसद ने बॉयलर्स बिल, दो हजार चौबीस को भी पारित कर दिया। इसे कल लोकसभा ने मंजूरी दे दी है। राज्यसभा ने पिछले वर्ष दिसंबर में ही इस बिल को पारित कर दिया था। यह बिल बॉयलर्स एक्ट उन्नीस सौ तेईस को निरस्त करता है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में तीन दिवसीय विकास उत्सव का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश आठ साल की विकास यात्रा में हर क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ–सबका विकास के मंत्र पर अमल कर आज नए भारत का नया उत्तर प्रदेश अपनी चमक बिखेर रहा है।

***प्रधानमंत्री जी ने जो मंत्र दिया था सबका साथ और सबके विकास का उसे जीवन का व्रत मान कर के संकल्प मान करके हम लोगों ने कार्य किया तो उत्कर्ष के आठ वर्ष उत्तर प्रदेश को देखने को मिले हैं। उत्कर्ष के आठ वर्ष है जिसमें हर एक प्रत्येक क्षेत्र में क्या किसान कल्याण के क्षेत्र की बात हो, चाहे वहां युवाओं के उत्थान की बात हो, चाहे वह महिलाओं के सशक्तिकरण का कार्य हो। इस शानदार यात्रा में उत्तर प्रदेशवासियों ने पग पग पर डबल इंजन सरकार का साथ दिया।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज डबल इंजन की सरकार विकास के साथ विरासत का संरक्षण भी कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के विकास में बैरियर माना जाने वाला उत्तर प्रदेश आज विकास का ब्रेक थ्रू बना है।

***जो उत्तर प्रदेश पहले बीमारू राज्य माना जाता था। आज देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। जो उत्तर प्रदेश देश के अंदर हर एक क्षेत्र में बैरियर माना जाता था। आज वो देश के अंदर एक ब्रेक थ्रू बनकर के विकास की योजनाओं को आगे बढ़ाने वाला राज्य माना जाता है। आज लोग मानते हैं कि उत्तर प्रदेश लीड करेगा तो सारे राज्य लीड करने लग जाएगा। आज जो यहां पर देखने को मिल रहा है।***

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को उपकरण और प्रमाण पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने दिव्यांगजन को यंत्र, उपकरण, युवाओं को टैबलेट, पात्रों को आयुष्मान कार्ड और युवाओं को सीएम युवा योजना के तहत ऋण का वितरण किया।

राज्य में भाजपा सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर प्रदेश भर में शुरू तीन दिवसीय विकास उत्सव के क्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कल वाराणसी में प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि बीते आठ वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धि सुशासन और विकास है।

***भ्रष्टाचार मुक्त भारत और भ्रष्टाचार मुक्त उत्तर प्रदेश बनाने की दिशा में बड़ा काम हुआ। वो भर्तियों से लेकर के डीबीटी के माध्यम से भुगतानों को लेकर के अन्य सभी क्षेत्रों में हम लोगों ने आधार लिंक सारी योजनाओं को करने का प्रयास किया है। जेम पोर्टल के माध्यम से जो खरीद का काम है उसमें भी उत्तर प्रदेश ने प्रथम अपना स्थान अर्जित किया है। हमारे क्षेत्र में आगे बढ़ते जा रहे हैं।***

उधर, प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कल कानपुर में प्रेस वार्ता कर जनहित में किये गए सरकार के कामकाज का ब्यौरा पेश किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में सरकार ने हर वर्ग के लिए काम किया है।

प्रदेश के वित्त और संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कल शाहजहांपुर में सरकार के काम काज को जनता के सामने रखा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने कानून व्यवस्था, रोज़गार और विकास के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने रायबरेली में, प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए, के शर्मा ने जौनपुर में, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने मऊ में, खाद्य और रसद मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने अमेठी में, गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने अलीगढ़ में होमगार्ड्स मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने सम्भल में, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री के.पी. मलिक ने अमरोहा में और राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कुशीनगर में सेवा सुरक्षा व सुशासन थीम पर आयोजित विकास उत्सव का उद्‌घाटन किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में आयोजित भारतीय योग परम्परा में योगिराज बाबा गंभीरनाथ का अवदान विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्‌घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया भर में भारत की पहचान एक आध्यात्मिक देश के रूप में है।

***महाकुंभ भव्य अतिथि भवः और दुनिया भारत की इस आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन को देखकर के अविभूत थी अचंभित थी भारत के आध्यात्मिकता में गोता लगाने वाला व्यक्ति ही भारत की आध्यात्मिकता के महत्व को उसके ताकत का आंकलन कर सकता है।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के ज्ञान और परम्पराओं से युवा पीढ़ी को जुड़ना चाहिए।

**********

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कल कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा प्रदेश के पन्द्रह अतिरिक्त जिलों को कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत शामिल करने की घोषणा की। नए अधिसूचित जिलों में अंबेडकर नगर, औरैया, बहराइच, गोंडा, हमीरपुर, जालौन, कन्नौज, महराजगंज, महोबा, पीलीभीत, सिद्धार्थनगर, शामली, प्रतापगढ़, कासगंज और श्रावस्ती शामिल हैं।

**********

दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के इलाहाबाद हाईकोर्ट में स्थानांतरण के विरोध में कल से इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। उनका कहना है कि जब तक आदेश वापस नहीं होगा तब तक हड़ताल जारी रहेगी। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन के नेताओं के साथ कल दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास से नकदी बरामद होने के मुद्दे पर बैठक की। इसमें सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा, विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

**********

गर्मी में जंगलों में आग की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए वन विभाग ने मुख्यालय से लेकर मंडल स्तर तक कुल एक सौ पंद्रह अग्नि नियंत्रण सेल स्थापित किए हैं। इनमें तीन शिफ्ट में कर्मचारी चौबीस घँटे तैनात रहेंगे। अग्नि नियंत्रण सेल मुख्यालय के नोडल अफसर पीपी सिंह ने बताया कि आमजन की सुविधा के लिए मुख्यालय स्तर पर हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है।

**********

वाराणसी में गंगा के घाटों पर अब किसी भी प्रकार के धार्मिक, सामाजिक या दूसरे कार्यक्रमों के लिए नगर निगम से अनुमति लेनी होगी। इसके लिए स्मार्ट काशी मोबाईल एप पर जाकर ऑनलाइन बुकिंग कराई जा सकती है। नगर निगम के जनसम्पर्क अधिकारी ने बताया कि आयोजकों को कार्यक्रम से पंद्रह दिन पहले आवेदन करना होगा।

**********

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से एक से चार मई तक विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स मुंबई में आयोजित किया जाएगा। भारत को एक वैश्विक रचनात्मक शक्ति के रूप में स्थापित करने की दृष्टि से आयोजित वेव्स का उद्देश्य विश्व मंच पर रचनात्मकता और नवाचार के नए मानक स्थापित करना है।

**********